हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 26 मई 2025


तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

13 उमरादैहान में डॉ. राममनोहर लोहिया की प्रतिमा का...


14 नगर घड़ी को तोड़ना उचित या अनुचित?




## खबर संक्षेप

### चन्द्रसूर में क्रिकेट प्रतियोगिता 28 से



**मगरलोड।** ग्राम चन्द्रसूर में ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 28 मई से 1 जून तक किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10001 रूपये तथा द्वितीय पुरस्कार 5001 रूपये है। आकर्षक पुरस्कार मैन ऑफ द मैच 501 रूपये है। प्रवेश शुल्क 501 रूपये है। प्रतियोगिता की तैयारी में सरपंच देवचरण साहू, ज्ञानचंद यादव एवं लोमश निषाद जुटे हुए हैं।

### जीजामगांव कॉलेज में आनलाइन प्रवेश प्रारंभ

**जीजामगांव।** स्थानीय दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में आनलाइन प्रवेश आवेदन प्रारंभ हो चुका है। महाविद्यालय में संचालित स्नातक प्रथम सेमेस्टर पाठ्यक्रम बीए भूगोल, अर्थशास्त्र, राजनीति, हिन्दी साहित्य, समाजशास्त्र, बीकाम, बीएससी प्राणीशास्त्र, वनस्पति शास्त्र, रसायनशास्त्र, भौतिकी, गणित एवं बीसीए आदि पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक छात्र पं. रविशंकर विवि की साइट में जाकर आनलाइन प्रवेश हेतु फार्म भर सकते हैं। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सीआर यदु ने दी।

राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच ने किया सिंदूर शौर्ययात्रा एवं सभा का आयोजन

# आपरेशन सिंदूर ने भारतीय समाज को किया गौरवान्वित : कौशलेंद्र प्रताप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी









रविवार को राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच छग ने सिंदूर शौर्ययात्रा एवं सभा का आयोजन किया। शौर्ययात्रा गौशाला मैदान से सदर होते गांधी मैदान पहुंची। यहां मंच के वक्ताओं ने आपरेशन सिंदूर में सेना के पराक्रम का बखान किया। कार्यक्रम पश्चात राष्ट्रति और प्रधानमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

शाम 4.30 बजे गौशाला मैदान में राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरूष एकत्रित हुए। यहां से सिंदूर शौर्ययात्रा सदर मार्ग होते हुए गांधी मैदान पहुंची। शौर्ययात्रा में बड़ी संख्या में महिला पुरूष भगवा साफा पहने हुए भारतमाता के जयकारे लगाते रहे। शौर्ययात्रा गांधी मैदान पहुंचने के बाद सभा के रूप में परिणीत हुई।

सिंदूर शौर्ययात्रा सभा को संबांधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रांत सामाजिक सद्भाव कार्य प्रमुख कौशलेंद्र प्रताप ने कहा कि आपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व सफलता ने संपूर्ण भारतीय समाज को गौरवान्वित किया है। वीर सैनिकों ने अदम्य साहस, अनुशासन और समर्पण का परिचय देते हुए देश की रक्षा और सम्मान को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया है। भारत के विज्ञान और वैज्ञानिकों की श्रेष्ठता तकनीकी विशेषज्ञता से निर्मित उच्च गुणवत्ता वाले रक्षा उपकरणों , मिसाइलों से सटीक आक्रमण कर सक्षम भारत का परिचय स्वदेश, दुश्मन देश तथा पूरी दुनिया को दिया है। वर्तमान केंद्र सरकार के कुशल नेतृत्व, दूरदृष्टि व सुदृढ़ संकल्प शक्ति के कारण वैश्विक जगत में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। इस ऐतिहासिक अवसर पर समाज का कर्तव्य बनता है कि वह सेना और सशस्त्र बलों के प्रति आभार, सम्मान, स्वागत वंदन की भावनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं तथा सैनिकों के उत्साहवर्धन में अपनी भागीदारी निभाएं।

राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच ने राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में सात विषयों पर अनुरोध किया है कि सभी शासकीय-अशासकीय संस्थानों, विद्यालयों-महाविद्यालयों, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों को निर्देशित किया जाए कि वे आपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के सम्मान, स्वागत वंदन, आभार के लिए विशेष कार्यक्रम संगोष्ठी, रैली, सम्मान समारोह का आयोजन करें। वर्तमान केंद्र सरकार के कुशल नेतृत्व, दूरदृष्टि, सुदृढ़ संकल्प शक्ति के कारण वैश्विक जगत में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है, इसकी जनसामान्य में व्यापक चर्चा हो। देशभक्ति, एकता, अखंडता की भावन सुदृढ़ करने सेना के प्रति कृतज्ञता एवं राष्ट्रीय स्वाभिमान जागरण अभियान में सहभागिता के लिए प्रेरित किया जाये। सैनिकों के उत्साहवर्धन का संदेश व्यापक स्तर पर पहुंचाने प्रशासनिक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करें। मीडिया, सोशल मीडिया, समाचार पत्रों के माध्यम से अभियान का प्रचार प्रसार हो। अवैध घुसपैठियों की सघन जांच कर उन्हें देश से निकाले जाने की आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला संघचालक श्याम अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक जिला सहसंघ चालक जितेंद्र यदु, नगर संचालक रामलखन गजेंद्र, सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष जेपी साहू, सुषमा नंदा, भूमिका साहू, महापौर रामू रोहरा, कविंद्र जैन, चेतन हिन्दूजा, भागवत देवांगन, चित्ररेखा निर्मलकर, चंद्रकला पटेल, संगीता जगताप, कल्पना रणसिंह, नम्रतामाला पवार, राघोराव रणसिंह, मोहनराव रणसिंह, शिरोमणिराव घोरपड़े, दीपक ठाकुर, पुरूषोत्तम निषाद, डाकेश्वर ▶▶ शेष पेज 12 पर

# तीन युवकों ने मकान, नाबालिग ने दुकान में की थी चोरी




- पुलिस ने चारों को गिरफ्तार किया, तीन आरोपियों को न्यायिक रिमांड और नाबालिग को किशोर न्यायालय में किया जाएगा पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर के एक मकान और एक दुकान में चोरी करने वालों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों ही घटना अलग-अलग हुई है। पुलिस ने एक घटना में तीन आरोपियों को और दूसरी घटना में एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन कर पुलिस ने इन दोनों मामलों का खुलासा किया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर में दो स्थानों पर चोरी हुई थी। महात्मा गांधी वार्ड के नयापारा निवासी योगेश भूआर्य 10 मई से 23 मई तक ससुराल गया हुआ था। घर में ताला लगा हुआ था। जब ससुराल से लौटा तो उसके घर के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ था। अंदर गया तो पूरा माजरा समझ में आया। किसी अज्ञात चोरों ने सूनेपन का फायदा उठाकर उसके घर में चोरी की थी। चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर सोने का लॉकेट, सोने की फुल्ली कीमत 4500 रुपए, एक नग टीवी कीमत 10000 रुपए, होम थियेटर पैनासोनिक कंपनी कीमत 1000 रुपए, लोटा में रखे 5500 रुपए का चिल्हर, दो नग पीतल का लोटा, घरेलू गैस सिलेन्डर एवं कामर्शियल गैस सिलेण्डर कीमत 8500 रुपए, कुल 29500 रूपये के सामान और पैसों की चोरी की थी। योगेश ने इसकी शिकायत सिटी कोतवाली में दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर संदेही सुमीत यादव उम्र 19 वर्ष पिता राकेश यादव साकिन गोकुलपुर और दो जुड़वा भाई सौरभ यादव उम्र 19 वर्ष एवं सुमीत यादव 19 वर्ग पिता स्व. राजू यादव से पूछताछ की गई। ▶▶ शेष पेज 12 पर

### मोबाइल ले उड़ा था नाबालिग

दूसरे मामले में साल्हेवार पारा निवासी सागर गायकवाड़ उम्र 28 साल पिता उदय गायकवाड़ ने अपनी मोबाइल दुकान में 22 मई को चोरी होने की रिपोर्ट लिखाई थी। पुलिस को उसने बताया था कि 23 मई को सुबह 10 बजे वह दुकान पहुंचा तब उसे चोरी की जानकारी हुई। दुकान के उपर का टिन शेड तोड़कर उसकी दुकान से किसी ने 3 नग स्मार्ट वाच, 11 नग वायरलेस ईयर बड्स, एक नग मल्टी चार्जर, एक नग स्पीकर, एक नग वाईफाई कैमरा, 5 नग कीपेड मोबाइल फोन, एक नग पुराना एंड्रोइड फोन समेत अन्य सामान की चोरी कर ली थी। चोरी गए सामान की कीमत लगभग 40000 रुपए आंकी गई है।




## खबर संक्षेप

### विज्ञान व वाणिज्य संकाय में प्रवेश के लिए पंजीयन शुरू

कुरुद। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कुरुद में कक्षा 11वीं में विज्ञान तथा वाणिज्य संकाय में प्रवेश के लिए रेजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। कक्षा 10वीं में सीबीएसई तथा अन्य किसी भी बोर्ड से उत्तीर्ण छात्र आवेदन कर सकते हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### आपरेशन सिंदूर ने भारतीय समाज को ...

साहू, जतिन देवांगन, अविनाश दुबे, जिला कार्यवाह धनेश्वर निर्मलकर, नगर कार्यवाह मोहित साहू, गौरव मगर, भुवन साहू, भूमिका साहू, सुनील यदु, निर्मल बरडिया, राकेश साहू, विनय जैन, पवन गजपाल, अतुल साहू, बेदुराम साहू, राजू सोनकर, राघवेंद्र रणसिंह, योगेंदु यदु, हेमचरण साहू, सागर निर्मलकर, योगेश साहू, धरम साहू, नगर प्रचार प्रमुख उमेश सिंह बशिष्ट आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सरोज देवांगन तथा आभार व्यक्त बीथिका विश्वास ने किया।

### तीन युवकों ने मकान, नाबालिग ने दुकान ...

तीनों ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। उन्होंने 16 मई को चोरी करना बताया। वे रात 1 बजे योगेश के मकान में घुसे थे। उनके कब्जे से 1 नग टीवी, 1 नग होम थियेटर, 2 नग गैस सिलेण्डर, 2 नग लोटा, सोने का लॉकेट और सोने की फुल्ली जब्त की गई। 5500 रुपयों को बांटकर उन्होंने खर्च कर डाला था। इस मामले में पुलिस ने एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थाना सिटी कोतवाली धमतरी से निरीक्षक राजेश मरई, सउनि हेमंत ध्रुव, प्रआर गोपी चन्द्राकर, प्रआर रवि जगने, आरक्षक संजय पति, रघुराज कर्ष, अंशुल राव, रूपेश रजक, खेमलाल यादव का योगदान रहा।

राशि आवंटन में भेदभाव का लगाया आरोप, भाजपा समर्थित जनपद सदस्यों के समतुल्य मांगी राशि

# कांग्रेस समर्थित सदस्यों ने किया सामान्य सभा की बैठक का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद





जनपद पंचायत कार्यालय कुरुद के सभाकक्ष में जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक हुई। बैठक में 15वें वित्त आयोग से मिलने वाली राशि को लेकर जनपद सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों में खर्च को लेकर चर्चा की गई। कांग्रेस समर्थित दो सदस्यों ने राशि आवंटन में भेदभाव करने का आरोप लगा बैठक का बहिष्कार किया।

शुक्रवार को आहूत बैठक में सीईओ अमित सेन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के 15 वें वित्त की राशि की जानकारी देकर शासन द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुसार विभिन्न मद में खर्च करने विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी। उपस्थित जनपद सदस्यों से अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने सभापतियों एवं जनपद सदस्यों से कार्य योजना मांगी। तत्पश्चात कार्य योजना अनुसार अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभापतियों एवं जनपद सदस्यों को राशि आवंटित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया। इस पर आपत्ति जताते हुए कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्य लिली श्रीवास एवं बबीता सिन्हा ने भाजपा समर्थित जनपद सदस्यों के समतुल्य उन्हें भी राशि देने की मांग की। इस पर कोई सुनवाई नहीं होने पर दोनों ने बैठक का बहिष्कार कर दिए। बैठक में उपाध्यक्ष सतीश जैन, सभापतिगण आनंद यदु, चंद्रशेखर साहू, सिंधु बैस, एवन साहू, शकुंतला देवांगन के अलावा जनपद सदस्यगण एवं जनपद के कर्मचारी उपस्थित थे।

### सभी के क्षेत्र का सामान विकास जरूरी

विरोध जताते हुए सुश्री श्रीवास ने कहा कि कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्यों को अपने क्षेत्र में विकास कार्य कराने मात्र 3.80 लाख रुपये की राशि ही आवंटित की जा रही है जबकि भाजपा के सदस्यों को 5.80 लाख रुपये दिया जा रहा है। सभी अपने अपने क्षेत्र से चुनकर जनप्रतिनिधि के रूप में आए हैं। ऐसे में सभी क्षेत्र का सामान विकास होना जरूरी है, लेकिन कांग्रेस सदस्यों के साथ उपेक्षा की जा रही है, जो उचित नहीं है।

### किसी के साथ नहीं हुआ है भेदभाव

इस संदर्भ में जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू का कहना है कि किसी भी जनपद सदस्य के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है। सभी सदस्यों को उनके द्वारा प्रस्तुत की गई कार्ययोजना के तहत राशि वितरित की गई है। वहीं सीईओ श्री सेन का कहना है कि अभी शासन से राशि आवंटित नहीं हुई है । प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। यदि किसी सदस्य को इस संदर्भ में कोई शिकायत है तो उसे चर्चा कर दूर की जायेगी।

# समाधान शिविर में 1308 आवेदनों का निराकरण

- राशन कार्ड संबंधित 12 आवेदन मिले, तत्काल हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



श्री श्रृंगी ऋषि अंग्रेजी माध्यम स्कूल के प्रांगण में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत एवं समस्त विभागों के प्रमुख मौजूद थे। सुशासन तिहार में प्राप्त 2983 आवेदन में से 1308 आवेदन नगर पंचायत नगर से संबंधित थे। राशन कार्ड संबंधित 12 आवेदन मिले। आवेदकों को शिविर स्थल पर ही राशन कार्ड दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 24 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया साथ ही पांच आवेदकों का नाम डीपीआर में शामिल करते हुए शासन को भेजा गया एवं 2 हितग्राहियों को किस्त का भुगतान किया गया। विभिन्न पेंशन योजना अंतर्गत 28 हितग्राहियों का आवेदन स्वीकृत करते हुए सूची में सम्मिलित किया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने रेडी टू ईट से विभिन्न मिष्ठान तैयार किए। चार कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार के रूप में खाद्य सामग्री प्रदान की गई । विद्युत विभाग नगरी को पांच आवेदन मिले। पांचों आवेदनों का निराकरण किया गया। वार्ड क्रमांक 8 में विद्युत तार हटाना व क्रमांक 10 में नवीन विद्युत पोल लगाने जैसे कार्य किए गए।

शिविर स्थल में विधायक अंबिका मरकाम, नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, विकल गुप्ता, नागेंद्र शुक्ला, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, पार्षद गण राजा पवार ,देव चरण ध्रुव, मिकी गुप्ता, नरेश पटेल, अलका साव, अश्वनी निषाद, अंबिका ध्रुव, असकरण पटेल, शंकर देव, हरीश साहू समेत अन्य जनप्रतिनिधि तथा नगर पंचायत के कर्मचारी व विकासखंड स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# बांधा तालाब एवं हनुमान मंदिर प्रांगण की सफाई की



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

परमार्थ सेवा समिति द्वारा बांधा तालाब एवं हनुमान मंदिर परिसर में साफ सफाई अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता अभियान में संगठन के कई सक्रिय सदस्य शामिल हुए और समाज सेवा की मिसाल पेश की। इस अभियान में जसपाल खनूजा, देवकांत गजपाल, पप्पू साव, लकेश्वर यादव, चमन साहू, दयाशंकर साहू, भोजराज साहू, संजय निर्मलकर, आकाश पंजाबी, केशव पटेल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने श्रमदान करते हुए बांधा तालाब एवं मंदिर परिसर की साफ-सफाई की और साफ-सुथरे वातावरण के लिए समाज को प्रेरित किया।

# आप नेता संजय का हुआ जोशीला स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह के प्रथम नगर आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। 24 मई को सुबह कुरुद पहुंचे सांसद संजय सिंह का नगर में बाजे-गाजे, आतिशबाजी एवं फूल मालाओं से जोशीला स्वागत किया गया। उन्होंने आप पार्टी से चरमुड़िया सरपंच बनी नीतू तोड़ेकार और जिलाध्यक्ष विनोद सचदेव की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारी पार्टी एक ईमानदार पार्टी है। दिल्ली में कितना विकास हुआ, सभी जानते हैं। आने वाला समय आम आदमी पार्टी का है। स्वास्थ्य और शिक्षा के मुद्दे पर आम लोगों एवं कॉलेज के विद्यार्थियों को जोड़ संगठन को मजबूत किया जाएगा। धमतरी जिला में पार्टी को मजबूत करने की दिशा में अच्छा काम हो रहा है। उनके दौरे में प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू, महासचिव वद्दू आलम, उपाध्यक्ष देवलाल नरेटी, संगठन मंत्री तेजेंद्र तोड़कर, महासचिव जसबीर सिंह, मुख्य प्रवक्ता सूरज उपाध्याय आदि नेता साथ थे। इस मौके पर ललित, मनोज नगारची, चन्द्रशेखर लहरे, थानेश निर्मलकर, रोहित बंजारे मौजूद थे।

## आसमान पर छायी सुंदर काली घटा



**नगरी।** शनिवार की दोपहर को सिहावा रोड में आसमान पर छायी काली घटा सुन्दर और आकर्षक दिखाई दे रही थी।

# ग्राम पंचायतों को पानी टैंकर वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



क्षेत्र की जनता की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम ने अपने विधायक मद से विभिन्न ग्राम पंचायतों में पानी टैंकरों का वितरण किया गया। यह वितरण ग्राम पंचायत भड़सिवना, झुंझराकसा, भण्डारवाड़ी, मुड़केरा एवं सेमरा में हुआ। कार्यक्रम में जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम, प्रभा नेताम, हनीफ खान, भानेन्द्र ठाकुर, भुशन साहू, अखिलेश दुबे, पेमन स्वर्णबेर, अनवरक सिद्दीकी, सरपंच नील कोड़ोपी, गजेंद्र मंडावी, कविता ध्रुव सहित अनेक स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

विधायक श्रीमती मरकाम ने कहा कि भीषण गर्मी के इस मौसम में ग्रामीण क्षेत्र में जल संकट की समस्या को देखते हुए पानी टैंकरों का वितरण कया गया है। यह पानी टैंकर न केवल पीने योग्य जल की आपूर्ति में सहायक होंगे, बल्कि कृषि व पशुपालन जैसे कार्यों में भी लाभकारी सिद्ध होंगे। ग्रामीण जनता की सुविधा हेतु हम निरंतर कार्य कर रहे हैं और भविष्य में भी ऐसी जनकल्याणकारी योजना को प्राथमिकता दी जाती रहेगी। यह पहल ग्रामीणों को राहत देने और जल की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए एक अहम प्रयास है।

ग्रामीणों ने पानी टैंकर मिलने पर विधायक के प्रति आभार प्रकट करते हुए इसे जनसेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया।

# युवाओं ने लिया गांव को कचरामुक्त बनाने का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭कुकरेल(धमतरी)

ग्राम बनबगौद के युवकों ने अपने गांव को स्वच्छ एवं कचरा मुक्त बनाने कस ली है। यह अभियान लगभग पंद्रह दिन से जारी है। युवकों ने बताया कि बरसात के दिनों में यह ग्राम नालों व रपटा के कारण बाढ़ से घिर जाता है। इस कारण भी जंगल से कचरा बहकर गांव की गलियों में जमा हो जाता है। इससे मौसमी बीमारियों का अंदेशा बना रहता है। अब अपने गांव को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने के लिए समिति बना ली गई है। युवक स्वच्छता अभियान चला रहे हैं। वह एक सराहनीय पहल है। इस अभियान की शुरूआत पिछले सप्ताह गांव के तालाब की सफाई शुरू की है। उनका लक्ष्य है कि गांव के हर कोने को साफ-सुथरा बनाया जाए। यदि गांव के लोग भी उनका सहयोग करे, तो यह प्रयास और भी सफल और प्रभावी सिद्ध हो सकता है। सफाई अभियान में हृदेश्वर, धर्मेंद्र, रोहित, भूषण, गौरव, मुक्तेश्वर, दीपांशु, छबि, राजवीर, कुंदन, खोमेश, मुनेश, खिलेश और गौरव कोर्राम जुटे

# उमरगांव के दिव्यांग कलाकारों को मिला वाद्ययंत्र और बैसाखी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



ग्राम उमरगांव निवासी चन्द्रभान कुलदीप 42 वर्ष जन्म से देख नहीं पाता है। वहीं भीषम गंधर्व उम्र 40 वर्ष का पैर सड़क दुर्घटना में टूट गया। उनके एक पैर को काटना पड़ा। वह आज एक पैर से चलता फिरता है है। इन दोनों दिव्यांगों में अद्भुत कला है लेकिन आर्थिक तंगी और शारीरिक रूप सक्षम नहीं होने कारण अपनी कला और कोई वाद्ययंत्र नहीं खरीद पा रहे थे। इनको सामग्री की आवश्यकता थी। वाद्ययंत्र हारमोनियम और बैसाखी की जरूरत थी। वे भीख मांगकर और अपनी कला दिखाकर सामग्री के लिए पैसा इकट्ठा कर रहे थे। ये दोनों दिव्यांग एक पंडवानी कलाकार भी हैं। अपनी कला दिखाकर जीवन गाड़ी चला रहे हैं। दोनों दिव्यांगों की परेशानियों को देखते हुए नगरी के एक समाजसेवी ने समाज कल्याण विभाग धमतरी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया जिसके बाद विभाग ने तुरंत दोनों दिव्यागों को हारमोनियम और बैसाखी प्रदान की। दिव्यांगजनों की पेंशन की सुविधा भी शुरू हुई। इस सहायता के लिए दोनों दिव्यांगों ने समाज कल्याण विभाग और समाजसेवी का आभार प्रकट किया।

जिला कोषाध्यक्ष की मौजूदगी में संयुक्त शिक्षक संघ की रणनीति तैयार

# युक्तियुक्तकरण, पुरानी पेंशन और वेतन विसंगति पर शिक्षक 28 को मंत्रालय घेरेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



प्रदेश भर के शिक्षक अब सरकार की नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोलने के मूड में हैं। शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे युक्तियुक्तकरण, क्रमोन्नति, पुरानी पेंशन, वेतन विसंगति और पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता जैसे मुद्दों को लेकर 28 मई को नया रायपुर स्थित मंत्रालय का घेराव किया जाएगा। इस प्रदर्शन का आयोजन सर्व शैक्षिक संगठन के बैनर तले प्रदेश के 23 प्रमुख शिक्षक संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। आंदोलन की तैयारियों को लेकर ब्लॉक इकाई मगरलोड की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष बेदराम साहू ने की। संघ के जिला कोषाध्यक्ष डेवेश कुमार साहू की मौजूदगी में आंदोलन की रणनीति तय की गई। बैठक में वक्ताओं ने युक्तियुक्तकरण नीति को प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था के लिए विनाशकारी बताया।

बैठक में ब्लॉक सचिव उदयभान पाल, ब्लॉक कोषाध्यक्ष झुमुकलाल साहू, ब्लॉक उपाध्यक्ष लुकेश्वर निषाद, दिलीप कोठारी, प्रवीण साहू, ब्लॉक संगठन मंत्री गुलापराम साहू, शेखन साहू, ब्लॉक सहसचिव दुष्यंत साहू, गजेन्द्र साहू, प्रचारमंत्री गेंदराम धीवर, मीडिया प्रभारी राकेश साहू, प्रमोद डड़सेना, दुलेश्वर डहरे, चन्द्रहास सिन्हा, रश्मि निर्वाण, धनेश्वरी साहू, भामेश्वरी साहू, कामना केरकेट्टा, शैलेन्द्री नेताम शामिल रहे।

Pride of Dhamtari

।। श्री शिवाय नमस्तुभ्यं ।।
नींव से निर्माण तक...
वास्तु एवं संरचना एसोसिएट्स
जय माँ चंडी कंसल्टेंसी एवं कंस्ट्रक्शन
Pro.- Er. Anurag Sahu
8839477281
9000051163
बिल्डिंग डिजायनर, इंडस्ट्रियल एंड फाइनेंस हब, प्लानर, सर्वेयर ( टोटल स्टेशन एवं डम्पी लेवल) फैक्ट्री एवं गोदाम के नक्शे
False Ceiling & Wallpaper, Tiles & Putty Painting Sanitary, Flushed Door, Electric Fitting Plumbing, Modular Kitchen & Fabrication (Steel, Aluminium)

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरूद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जोगामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

**खबर संक्षेप**

## देसी सब्जी से भरा बाजार, बोड़ा 300 रुपए सोली में बिका



**जगदलपुर।** साप्ताहिक बाजार में रविवार को बोड़ा 300 रुपए सोली एवं ओडीसा का खेक्सी 80 रुपए किलो में बिक रहा है। बाजार में शहरीय के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के सब्जी खरीददारों की भीड़ दिखी। परिसर सब्जियों से भरा पूरा रहा, पर खरीददार कम दिखे, जिससे सब्जी व्यवसायी परेशान रहे। बाजार में टमाटर 15, करेला 50, फूलगोभी 50, पत्तागोभी 30, भिंडी 40, आलू 30, प्याज 30, अदरक 180, लहसून 250, लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रुपए में 10 जूड़ी बिक रहा है।

## ब्रेवरेज कारपोरेशन के अध्यक्ष से मिले महापौर



**जगदलपुर।** ब्रेवरेज कारपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी से मिलकर महापौर संजय पाण्डे ने मुलाकात की। महापौर ने उनको मिले नये दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी और कई मुद्दों पर चर्चा की । इस मौके पर नगर निगम के एमआईसी सदस्य, पार्षद व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शहीद स्मारक में किया गया शहीदों का स्मरण

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के झीरम घाटी में निर्दोष लोगों की हत्या कर दी गई थी। भारतीय जनता पार्टी ने शहीद स्मारक सिरहासार में शहीदों को श्रद्धांजलि दी । इस मौके पर जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, महापौर संजय पांडे, एमआईसी सदस्यगण, पार्षद उपस्थित रहे।



## माचकोट में विहिप और बजरंगियों की हुई बैठक



**जगदलपुर।** विश्व हिन्दू परिषद् और बजरंग दल के लोगों ने नगरनार प्रखंड के ग्राम पंचायत चोकावड़ा के आश्रित ग्राम माचकोट में बैठक में ग्राम देवी भंडारनी माता मंदिर में ग्राम समिति के विषय में चर्चा की। जिसमें कैलाश ठाकुर अध्यक्ष नगरनार प्रखंड ,हरीलाल साहु पुर्व जिला अध्यक्ष, शिबो बघेल सत्संग प्रमुख ,धनपति बाज सुरेश कश्यप नंदों बाबा, विकास मुरला जागेश्वर देवांगन उपस्थित थे।

## सरपंच ने पंचों के साथ किया पीएम आवास का निरीक्षण



**जगदलपुर।** ग्राम पंचायत संधकरमरी सरपंच जयमनी कश्यप, उप सरपंच सुकरी, सोनसाय कश्यप, सचिव घेनवा राम, रोजगार सहायक पुरन नेताम, भारत कश्यप ,समस्त पंच गण रैबारू, सोनतोराम, मंगलसाय, अवधेश, नदो, पदम, रूपसिग, गंगाराम, नीलधर , मोहन, मंगला, आवास मित्र भुवेन हरिचंद उक्त सभी पद्माधिकारियो द्वारा प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण किये। कई आवास अपूर्ण पाया गया उसे आवास हितग्राहियों को जल्दी से जल्दी पूरा करने को कहा गया। शासन के निर्देश को ग्राम पंचायत को परिपालन करना अनिवार्य है।

### हिंसा से विचार नहीं मरता, इससे व्यवस्था को तर्क मिलता है : रघु ठाकुर

# उमरादैहान में डॉ. राममनोहर लोहिया की प्रतिमा का अनावरण

- आदिवासियों की आवाज को निरंतर संसद में उठाते रहेंगे : अजय सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सुप्रसिद्ध सोशलिस्ट चिंतक व जननेता रघु ठाकुर ने कहा कि नगरी सिहावा अंचल अहिंसक आन्दोलन का तीर्थ है। अब आदिवासियों के मुद्दों की लड़ाई दिल्ली में होगी।

देश के आदिवासियों को यदि आजीविका के लिए जमीन के पट्टे दे दिए जायें तो जंगल भी सुरक्षित होंगे और वन्यजीवों की रक्षा भी हो जायेगी। देश में इक्कीस लाख व मध्यप्रदेश में दो लाख भूमिहीन आदिवासी हैं। इनकी समस्याओं को लेकर जल्द ही दिल्ली में अभियान शुरू किया जाएगा। रघु ठाकुर ने उमरादैहान में डा. राममनोहर लोहिया की प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर यह बात कही। ज्ञात हो कि नगरी सिहावा अंचल के आदिवासियों ने एक- एक किलो धान इकठ्ठा कर यह प्रतिमा तैयार कराई है। प्रतिमा अनावरण अवसर के मुख्य अतिथि आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सांसद संजय सिंह थे। पूर्व मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा के बेटे व पूर्व विधायक अरुण वोरा, गोविंद लाल वोरा के बेटे राजीव वोरा भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

रघु ठाकुर ने कहा कि उमरादैहान अहिंसा का तीर्थ है। सत्तर साल पहले डॉ लोहिया ने यहीं से आदिवासियों को भूमि के अधिकार का आन्दोलन शुरू किया। वनग्रामों को राजस्व ग्राम जैसी सुविधाएं देने की मांग यहीं से उठी। इस अंचल की चार पीढ़ियों ने अपने अधिकारों के लिए जेल की यात्रा करके यह बता दिया कि दुनिया को बदलने का सबसे बड़ा माध्यम जेल है, बंदूक या हिंसा नहीं। नगरी सिहावा हिंसाग्रस्त वनांचल में अहिंसा के टापू की तरह है। नक्सली हिंसा में दोनों तरफ से आदिवासी ही मर रहे हैं। सरकार को भी समझना होगा कि बंदूक की गोली से हिंसा तो मर सकती है, पर विचार नहीं। नगरी सिहावा अंचल के उमरादैहान जैसे गांवों से देश में यह संदेश जाना



चाहिए। श्री ठाकुर ने कहा कि नगरी सिहावा के ऐतिहासिक आंदोलन को स्कूल, कालेज के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए जिससे आने वाली पीढ़ी को अहिंसक आंदोलन की प्रेरणा मिले। भारत की राजनीति और समाजवादी आन्दोलन को 1990 के बाद आये एनजीओ ने बड़ा नुकसान पहुंचाया है। जनतंत्र, अहिंसा, सविनय अवज्ञा और आन्दोलन से देश आगे बढ़ रहा है। हमें ऐसा विकास नहीं चाहिए जो अमीरी के टापू खड़े करे। डॉ लोहिया ने यहां से जो आंदोलन शुरू किया उसमें आदिवासी नेता सुखराम नागे की पुलिस हिरासत में मौत हुई। आज उनकी याद में एक शैक्षणिक संस्थान है। नगरी सिहावा के आदिवासियों की चार पीढ़ियों ने अनाम रहकर खुद को आंदोलन में झोंका। जेल यात्राओं के दौरान कभी किसी ने माफी नहीं मांगी। रघु ने आगे कहा कि आदिवासी क्षेत्र में अगर उद्योग लगते हैं तो स्थानीय आदिवासियों को पच्चीस फीसदी अंशधारी व लाभ का हिस्सेदार बनाया जाना चाहिए। इस मुद्दे को लेकर आगामी समय में आन्दोलन करेंगे।

आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि समाजवादी आन्दोलन और समाजवाद दोनों ही जंगलों में जीवित हैं। आदिवासियों की आवाज को वे निरंतर संसद में उठाते रहेंगे। जब तक गैर-बराबरी है तब तक समाजवाद रहेगा। रघु ठाकुर जैसे सोशलिस्ट नायक ने समाजवाद को जमीन पर उतारने के लिए लगातार आंदोलन किए और जेल, लाठी, डंडा, मुकदमा की परवाह नहीं की। मुझ जैसे अनेक लोगों को राजनीति और समाजवाद का ककहरा रघुजी ने ही सिखाया। सभा को लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर यादव भिंड, महामंत्री अरुण प्रताप सिंह दिल्ली, लोसपा छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष अशोक पंडा, महासचिव श्याम मनोहर सिंह भिलाई, डॉ. शिवा श्रीवास्तव भोपाल, वंशी श्रीमाली, कांग्रेस नेता रामकुमार पचौरी सागर, जयंत सिंह तोमर ने भी सम्बोधित किया। मौके पर लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शिव नेताम, कौहाबाहरा सरपंच राधिका नेताम, अरुण राणा अकलतरा, अशोक बिलासपुर, फेकनसिंह साहू सरपंच कुरदा चांपा, डॉ सोमनाथ साहू, रामसिंह क्षत्री, श्याममनोहर सिंह, अरविंद कुमार सिंह, अशोक पंडा, अशोक योग गुरु, बबीता, आप अध्यक्ष गोपाल साहू, सूरज उपाध्याय समेत अन्य उपस्थित थे। आभार व्यक्त कवि रामकुमार तिवारी ने किया।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने सांकरा में कार्यकर्ताओं संग सुनी मन की बात



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का श्रवण सांकरा के बूथ क्रमांक 176 पर किया। यह कार्यक्रम पवन साहू के निवास में आयोजित हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने, महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने, शहद उत्पादकों से सीधे शहद खरीदने, एथलेटिक्स जैसे खेलों को प्रोत्साहन देने, मिशन सिंदूर की सफलता के माध्यम से देश के सैनिकों के साहस को नमन करने की प्रेरणादायक बातें साझा कीं।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस के साथ जनपद सदस्य एवं वन सभापति राजेश गोसाई, मंडल महामंत्री श्रीमती सुलोचना साहू, सांकरा सरपंच नागेन्द्र बोरझा, मंडल उपाध्यक्ष सत्ती मरकाम, महिला मोर्चा महामंत्री हेमलता साहू, सहकारी समिति अध्यक्ष गिरवर भंडारी, बूथ अध्यक्षगण विशाल ध्रुव, अमृतलाल साहू, शशिभूषण साहू तथा अन्य कार्यकर्ता मीरा बाई साहू, अमेश ध्रुव, चिंता बाई ध्रुव, दुगेश्वरी साहू, नागेश्वरी साहू, रजुला साहू, गायत्री साहू, दुर्गेश्वरी साहू, मायाराम ध्रुव, देवला बाई, दशरथ साहू, राघव यादव, कोमल साहू, रमशीला साहू, टिकेश्वरी साहू, कमला बाई, अमृतबाई यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना है। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेशों को आत्मसात कर जनहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

## राज्य एवं जिले की टीम ने पीएचसी में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का लिया जायजा

- सोनझरी में मौसमी बीमारी का प्रकोप नहीं, टीम को एक्सपायरी मेडिसीन भी नहीं मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच एवं जटिल प्रकरणों का समय से पहचान व उपचार हो इसके लिए भारत सरकार द्वारा प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को स्वास्थ्य केंद्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान में स्वास्थ्य केंद्र में सभी आवश्यक सुविधाएं जैसे जांच कक्ष, प्रयोगशाला, प्रतीक्षा क्षेत्र, जल व्यवस्था, शौचालय और स्वच्छता, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उच्च जोखिम गर्भावस्था की देखभाल के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक अथवा चिकित्सक की तैनाती , लैब तकनीशियन और अन्य सहायक कर्मचारियों की तैनाती की मॉनिटरिंग के लिए 24 मई को स्टेट से आए डॉ. तनुप्रिया सिंह प्रोग्राम ऑफिसर डब्ल्यू जेसीएफ तथा डॉ. स्निग्धा पटनायक राज्य सलाहकार एनएचएम द्वारा चेकलिस्ट के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड का जायजा लिया गया जिसमें ब्लॉक प्लान के अनुसार कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली महिलाओं को चिन्हांकित कर स्वास्थ्य संस्थानों में सूची रखने खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शारदा ठाकुर एवं विकासखंड कार्यक्रम



प्रबंधक मनोज पटेल को निर्देशित किया।

बीपीएम ने बताया कि जोखिम गर्भवती माता को उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक एवं मितानिनों के माध्यम से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में संदर्भित किया जा रहा है। सभी गर्भवती माताओं की आवश्यक जांच एवं उपचार किया जा रहा है। इसी दिन प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान सिंगपुर का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएल कौशिक, डॉ आदित्य सिंह तथा डॉक्टर प्रिया कंवर डीपीएम द्वारा भ्रमण किया गया। जोखिम गर्भवती महिला के सुरक्षित प्रसव के लिए मैपिंग करने डॉ गोविंद नारायण को निर्देशित किया गया। उसके पश्चात आयुष्मान आरोग्य मंदिर सोनझरी का औचक निरीक्षण किया गया। वहां उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं को खासकर द्वितीय एवं तृतीय ट्रिमेस्टर वालों को प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंगपुर भेजने को कहा गया। सीएचओ, आरएच ओ ने बताया कि वर्तमान में सोनझरी में कोई भी मौसमी बीमारी का प्रकोप नहीं है। इस माह 4 डिलीवरी अनीता ध्रुव आरएचओ द्वारा कराई गई। निरीक्षण के दौरान टीम को कोई भी एक्सपायरी मेडिसीन नहीं मिली। कुछ मेडिसीन बाहुल्य मात्रा में थी जिसे पीएचसी, सीएचसी भेजने के निर्देश दिए गए।

इसी प्रकार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मेघा एवं हसदा का जिला टीम हेमेश्वर जोशी जिला आरएमएनसीएच कंसलटेंट एवं श्वेता डीपीएचईओ द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का निरीक्षण किया गया। यहां सफलतापूर्वक अभियान का संचालन किया जा रहा था। गर्भवती माताओं की जांच एवं उपचार हो रहा था। स्वास्थ्य कर्मचारियों को उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हसदा भेजने निर्देशित किया।

## परखंदा के 12 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय सब-जूनियर नेटबॉल चैंपियनशिप में चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरुद ब्लॉक अंतर्गत परखंदा के 12 होनहार खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, परिश्रम और जुनून के दम पर राष्ट्रीय सब-जूनियर नेटबॉल चैंपियनशिप 2025 में चयनित होकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। ये खिलाड़ी अब 31 मई तक इंदौर (मध्यप्रदेश) में आयोजित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की ओर से अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

गौरतलब है कि हाल ही में जांजगीर-चांपा में आयोजित 5वीं राज्य स्तरीय सब-जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की 14 बालक व 12 बालिका जिला टीमों के बीच हुए संघर्ष में धमतरी जिले की बालक टीम ने कांस्य पदक और बालिका टीम ने रजत पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। परिणामस्वरूप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परखंदा (ब्लॉक कुरुद) के कुल 12 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु हुआ। इस प्रतियोगिता के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला परखन्दा से तृप्ति साहू, तृषा साहू, सिद्धि साहू, धनेश्वरी साहू, जानवी निषाद, कोमल देवांगन, अनन्या यादव, तृष्णा निषाद, मानव कुमार सोनकर, कृष्णा निषाद, दामोदर, टोमेन्द्र कुमार का चयन हुआ है। इन सभी खिलाड़ियों को कोच लीलेश्वरी साहू, रेखा निर्मलकर (बालिका टीम) और नंद कुमार साहू (बालक टीम) द्वारा प्रशिक्षित किया गया। इस उपलब्धि पर शाला विकास समिति अध्यक्ष तारा गिरेंद्र साहू, सरपंच माधुरी मोहित साहू, जिला खेल अधिकारी पीयूष तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले, विकासखंड शिक्षा अधिकारी चंद्रकुमार साहू, प्राचार्य रविंद्र कुमार साहू, जिला क्रीड़ा अधिकारी हरीश देवांगन, खेल प्रभारी जगतपति देव साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों व ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।

### छग की मिट्टी में प्रतिभा की कमी नहीं : अजय

इस उपलब्धि पर कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने हर्ष जाहिर करते हुए कहा है कि कुरुद सहित छत्तीसगढ़ की मिट्टी में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। परखंदा के इन 12 सितारों ने न केवल अपने गांव और जिले का, बल्कि पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है। यह सिर्फ खेल की जीत नहीं, बल्कि मेहनत, लगन और आत्मविश्वास की कहानी है।

## 272 गर्भवतियों, 72 उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

- 7 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 2 सिविल अस्पताल में पीएमएसएमए दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

देश में मातृ मृत्यु दर को कम करने के दृष्टिकोण से प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार और भारत सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस के आधार पर प्रत्येक माह की 9 और 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व आश्वासन पीएमएसएमए दिवस के रूप में मनाया जा रहा है 1 इस दिन सभी शासकीय अस्पतालों में पदस्थ प्रशिक्षित चिकित्सा अधिकारी और स्त्रीरोग विशेषज्ञ की उपस्थिति में सभी उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की निशुल्क जांच, उपचार, रेफरल और सलाह दी जाती है। इसी कड़ी में विकासखंड नगरी के सभी 7 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, 2 सिविल अस्पताल में पीएमएसएमए दिवस मनाया गया। इस दिन विशेषज्ञ और प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा 272 गर्भवती माताओं, 72 उच्च जोखिम गर्भवती माताओं की जांच व उपचार किया गया। राज्य , जिला, विकासखंड के सभी सक्षम अधिकारियों ने सभी स्वास्थ्य केंद्रों का विजिट कर व्यवस्थाओं का आकलन किया। सिविल अस्पताल नगरी में राज्य कार्यालय से आये निरीक्षणकर्ताओं डॉ तनुप्रिया सिंग पीओ डब्ल्यूजेसीई और डॉ स्निग्धा पटनायक स्टेट कंसल्टेंट ने विजिट कर व्यवस्थाओं को जाना और सलाह दी कि यदि बजट उपलब्ध हो तो हितग्राहियों के रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था की जाए और उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की पहचान के लिए स्टाफ का समय-समय पर उन्मुखीकरण किया जाए। डॉ अरुण कुमार नेताम बीएमओ सिविल अस्पताल नगरी ने कहा है कि रिफ्रेशमेंट हेतु उच्च कार्यालय से चर्चा के अनुसार व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जाएगा और सिविल अस्पताल नगरी के स्टाफ का उन्मुखीकरण भी शीघ्र किया जाएगा।

## अंतिम फैसला पेनाल्टी शूट से हुआ रायपुर 2 गोल से विजयी रहा



- नगरी में चार दिवसीय रात्रिकालीन फुटबॉल स्पर्धा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर में स्पोर्ट एसोसिएशन हिडन द्वारा चार दिवसीय रात्रिकालीन फुटबॉल स्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमें दूसरे जिले के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नगर में जब भी फुटबॉल का आयोजन होता है, उसे देखने के लिए मैदान के चारों ओर दर्शकों की भीड़ रहती है। शनिवार को पहला सेमीफाइनल मैच यूएफसी कोंडागांव व एफसी कांकेर के बीच खेला गया। पेनल्टी शूट में दो गोल से कोंडागांव विजयी रहा। दूसरा सेमीफाइनल मैच रायपुर फुटबॉल क्लब व डोंगरगांव फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया जिसमें रायपुर तीन गोल से विजयी रहा। फाइनल मैच कोंडागांव और रायपुर के बीच खेला गया। दोनों टीम के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली और अंतिम फैसला पेनल्टी शूट से हुआ। रायपुर 2 गोल से विजयी रहा और फाइनल मैच जीता। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा नगर, उपाध्यक्ष विकास बोहरा ने विजेता टीम को शील्ड प्रदान किया। प्रथम पुरस्कार 22000 रु, द्वितीय पुरस्कार 11000 रु. दिया गया। बेस्ट गोल कीपर, बेस्ट डिफेंडर पर भी इनाम रखा गया था। मौके पर आयोजक समिति के अध्यक्ष रूप नारायण साहू, सचिव गुलाब देवांगन, मुकेश सेमरे, रामकृष्ण टंडन, रुपेश यादव, पूरन साहू दीनानाथ यादव, अमित साहू, रूपेश साहू, वासुदेव साहू, चंद्रहास साहू, जीतू साहू, कमल साहू समेत बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद थे।

## 157 स्कूलों में दिए स्मार्ट टीवी, 111 नदियों की वर्णमाला भी बनाई

**धमतरी।** जिले में सुदूर आदिवासी अंचलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए स्कूलों में 157 स्मार्ट टीवी देने वाले और 5 देशों की 111 नदियों के नाम पर वर्णमाला बनाने वाले साहू दंपति को कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सम्मानित किया। मगरलोड के शासकीय प्राथमिक शाला लुगे में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती रंजीता साहू और उनके आयकर निरीक्षक पति तुमन चंद साहू को कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कलेक्टर ने साहू दंपति के इस काम को बच्चों की शिक्षा विशेषकर जनजाति बाहुल्य नगरी क्षेत्र के बच्चों के लिए बहुत उपयोगी बताया।

श्रीमती रंजीता - तुमनचंद साहू ने अब तक 157 स्कूलों में बच्चों को पढ़ने के लिए स्मार्ट टीवी उपलब्ध कराए हैं। शिक्षिका श्रीमती रंजीता साहू ने 5 देशों की 111 नदियों के नाम पर बच्चों को पढ़ने के लिए वर्णमाला भी तैयार की है। जिसमें अ से ज्ञ तक अक्षरों से शुरू होने वाले 111 नदियों के नाम लिखे गए हैं। बच्चों को पानी का महत्व बताने में भी यह वर्णमाला बहुत मददगार साबित हो रही है।

### समर कैंप में बच्चे सीख रहे रचनात्मक गतिविधियां

**डांडेसरा(धमतरी)।** साहू समाज बानगर परिक्षेत्र के तत्वावधान में कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा माध्यमिक शाला डांडेसरा में निःशुल्क समर कैंप का आयोजन 27 मई तक किया गया है। शिविर का उद्देश्य बच्चों तथा शिक्षकों के बीच मित्रवत संबंधों को मजबूत करना, नेतृत्व क्षमता का विकास बच्चों की खुशी और समझदारी हेतु वातावरण का निर्माण करना है।

### सुशासन व समर्पण के साथ प्रत्येक गांव में आवश्यक सुविधाएं पहुंचाना हमारी प्राथमिकता : चंद्राकर

# विधायक ने चरमुड़िया में आंगनबाड़ी केंद्र का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

ग्राम चरमुड़िया में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र -2 का कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने फीता काटकर कर उद्घाटन किया। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह भवन बाल विकास, पोषण और शिक्षा के क्षेत्र में स्थायी प्रभाव डालेगा। हमारी प्राथमिकता सेवा, सुशासन और समर्पण के साथ प्रत्येक ग्रामवासी तक आवश्यक सुविधाएं पहुंचाना है।

रविवार को विधायक श्री चंद्राकर ने चरमुड़िया के



आईटीआई पारा में 12 लाख की लागत से बने सर्वसुविधायुक्त आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने नवनिर्मित भवन की साज सज्जा की प्रशंसा करते हुए उनके बेहतर उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि बच्चों की देखभाल भी पोषण आहार के माध्यम से हो। योजनाओं का लाभ बच्चों व गर्भवती महिलाओं को मिले। आंगनबाड़ी केंद्र में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा तक पहुंच में सुधार हो, इसके लिए प्रयास भी कर रही है। इसके लिए सामुदायिक सहभागिता दिखाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चरमुड़िया में विकास कार्यों की कमी नहीं होने दी जायेगी। बहुत जल्द नए रेलवे स्टेशन तक आवागमन के लिए ब्रिज का निर्माण कराया जायेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच नीतू तेजेंद्र तोड़ेकर ने की। विशिष्ट अतिथि हरिशंकर सोनवानी अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा, कृष्णकांत साहू मंडल अध्यक्ष भाजपा, उपसरपंच सुरेन्द्र जोशी व वार्ड पंच गुरुदेव महिपाल, सतीश निर्मलकर, लक्ष्मी कंदरा, चुकेश्वरी साहू, सरस्वती पटेल, यशोदा ध्रुव, ईश्वर पटेल, मोतिम साहू, कविता तोड़ेकर, हरिश्चंद्र जांगड़े, लक्ष्मण भारती, दुर्गा जोशी, इंद्रजीत साहू, भुनेश्वरी साहू, डेमिन जोशी, भुनेश्वरी निर्मलकर, दामिनी साहू, दुर्गेश्वरी सुनील ध्रुव, एम भवानी पटनायक पंचायत सचिव मन्नू मांडले, रोजगार सहायक अमरौतीन गेंद्रे, तरुण टंडन थे।

## भाजपाइयों ने की कुम्हड़ाईन देवी मंदिर प्रांगण की सफाई



**नगरी।** रानी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर मां कुम्हड़ाईन देवी मंदिर प्रांगण गट्टासिल्ली में भाजपा मंडल कुकरेल के कार्यकर्ताओं ने साफ-सफाई की। मौके पर प्रमुख रूप से महेश गोटा अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, संजय मरकाम अध्यक्ष भाजपा मंडल कुकरेल, रामकुमार सामरथ सरपंच गट्टासिल्ली, अखिलेश प्रजापति पूर्व महामंत्री भाजपा मंडल कुकरेल, ननकूदास मानिकपुरी, इंदल प्रजापति, मनोहर सेन, खेदूराम निषाद, प्रमेंद्र साहू उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### अवैध शराब के साथ कोचिए पकड़ाए



**धमतरी।** मुखबिर की सूचना पर सिहावा पुलिस ने दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 25 नग अंग्रेजी गोवा शराब और एक मोटरसाइकिल जब्त की गई है। आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्रवाई की गई है।
सिहावा पुलिस को सूचना मिली थी कि बिरगुड़ी चौक सिहावा के पास दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से अवैध शराब बिक्री हेतु ले जा रहे हैं। तत्काल एक्शन लेते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा। दोनों आरोपी लक्ष्मीनारायण मंडावी एवं उमेश कुमार मरकाम के कब्जे से थैले के अंदर 25 गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब कीमत 3000 रूपए एवं मोटरसाइकिल कीमत 20,000 जब्त की। आरोपियों के विरूद्ध थाना सिहावा में आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। आरोपी लक्ष्मीनारायण मंडावी उर्फ नरेन्द्र पिता छबिलाल मंडावी कोसमी थाना बिश्रामपुरी जिला कोंडागांव और उमेश कुमार मरकाम पिता सुखचरण मरकाम कोसमी थाना बिश्रामपुरी जिला कोंडागांव के रहने वाले हैं।

### झीरम पहुंचकर विधायक ने शहीदों को किया नमन



**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव एवं महापौर संजय पांडे, निगम अध्यक्ष खेमसिंग देवांगन समेत भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने झीरम घटना स्थल पहुंच शहीदों को नमन किया। दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप, विद्याशरण तिवारी, रुपसिंह मंडावी, योगेन्द्र पांडे, दरभा मंडल अध्यक्ष देवीप्रसाद बेंजाम, संतोष बधेल, अनंतराम कश्यप,पूरन कश्यप, फूलसिंह सेठिया, संरपंच विध्नेस्वर बाकड़े, धर्मेंद्र ठाकुर, दौलत श्रीवास्तव,मनीराम,प्रकाश झा, सुरेश गुप्ता, मनोहर तिवारी,राजेश श्रीवास्तव, गोविंद ईनाणी, नरेन्द्र पानीग्राही व अन्य भाजपाई सम्मलित थे।

### कांग्रेसी नेताओं की आंतरिक गुटबाजी का परिणाम था झीरम हमला : सांसद

**जगदलपुर।** झीरम कांड की बरसी पर बस्तर सांसद महेश कश्यप ने पीसीसी चीफ दीपक बैज के द्वारा दिये गए बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि वे हर जगह राजनीति की दुकान चला रहे है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को क्रूर शासक बताने से पहले उन्हें अपने पार्टी के गिरेबान में झांक लेना चाहिए। सांसद ने झीरम घटना को कांग्रेस नेताओं की आंतरिक गुटबाजी का परिणाम बताते कवासी लखमा जिसे नक्सलियों ने छोड़ दिया था, उनका नार्को टेस्ट कराने की मांग करेंगे। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखने की बात उन्होंने कही है।

किसी ने कहा यातायात में बाधक बन रहा तो कई ने बनाया, यह धमतरी की शान है

# नगर घड़ी को तोड़ना उचित या अनुचित?



**इतिहास**
नगर घड़ी की स्थापना तत्कालीन नपा अध्यक्ष ताराचंद हिन्दूजा के कार्यकाल में 16 साल पहले 2008 में की गई थी। इसकी लागत उस समय 50 लाख रूपए थी। इसके निर्माण के कुछ साल बाद तक घड़ी ठीक से चलती रही है। फिर धीरे-धीरे घड़ी खराब होने लगी। अब अक्सर बंद पड़ी रहती है, जिससे लोगों में गलत संदेश जाता है। चूंकि घड़ी बैटरी से जुड़ी है इसलिए रिपेयरिंग के बाद फिर से खराब हो जाती है। घड़ी मरम्मत के लिए पश्चिम बंगाल कलकत्ता से मैकेनिक आते हैं, जिसका खर्च बहुत अधिक है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बंद घड़ी अशुभ संकेत है।

**रिपेयरिंग के लिए सीढ़ी नहीं**
जानकारों के मुताबिक नगर घड़ी के अंदर बनाए गए स्ट्रक्चर में सीढ़ी नहीं दी गई है। बैटरी अंदर है। रिपेयरिंग करने वाले क्रेन से लटककर मरम्मत करते हैं जबकि अमूमन ऊंची इमारत में अंदर से सीढ़ी बनाई जाती है। नागरिक बताते हैं कि निर्माण के समय सीढ़ी की मांग रखी गई थी, जिसे अनसुनी कर दी गई। अब रिपेयरिंग के समय दिक्कत होती है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के हृदय स्थल में स्थापित नगर घड़ी को तोड़कर रास्ता साफ करने की मांग शहर के कुछ नागरिकों द्वारा की जा रही है। वहीं कुछ नागरिक इसे धमतरी की शान मान रहे हैं। इस धरोहर को संरक्षित करने का आग्रह कर रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि अगर सदर का चौड़ीकरण किया जाता है और नगर घड़ी जद में आती है तो धमतरी विकास के लिए इसे साइड में स्थापित की जाए। कुछ नागरिक इसे धमतरी के वास्तु के हिसाब से शुभ नहीं मान रहे हैं।

#### तोड़ना उचित, साइड में स्थापित करें

शहर के नागरिक ताराचंद लुनावत, महेश जसूजा, राजेश पंजवानी, ललित जैन, संजय लुंकड़, करण वाधवानी, नंदू लोहार, राकेश दीवान, कीर्ति शाह, सौरभ मिश्रा, सलज अग्रवाल का कहना है कि नगर घड़ी काफी जगह घेरी हुई है। इसके पीछे की खाली जगह का फायदा उठाकर लोग पार्किंग करते है। लघु व्यवसायी के बैठने के लिए जगह कम पड़ती है। यातायात में बाधक होने के कारण इसे तोड़कर साइड में लगा देना उचित है। शास्त्री की प्रतिमा को संरक्षित कर सुंदरता दी जाए। बीच सड़क पर बैठने वाले व्यवसायियों का व्यवस्थापन किया जाए। रास्ते को आवागमन के लिए पूरी तरह खाली किया जाए। नागरिकों का कहना है कि समय के अनुसार निर्माण कार्यों में फेरबदल होता है। धमतरी का विकास, व्यापार व्यवसाय का विकास, यातायात सुलभ करने घड़ी चौक को हटाकर साइड में स्थापित की जाए।

#### तोड़ना अनुचित विकल्प तलाशें

शहर के नागरिक योगेश शर्मा, महेंद्र खंडेलवाल, सचिन जाचक, कुशल चोपड़ा, विशु देवांगन, पीयूष देवांगन, गगन कुंभकार, दुष्यंत घोरपड़े का कहना है कि नगर घड़ी धमतरी की शान है, धरोहर है, इसे तोड़े बगैर विकल्प तलाशें, घड़ी को सुधारा जाए। घड़ी चौक के पीछे ट्रेफिक व्यवस्थित की जाए। शहर में पार्किंग बनाई जाए। सदर का चौड़ीकरण किया जाए। नगर घड़ी को तोड़ना जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। इसे संजोकर रखना चाहिए। तोड़ने की बजाय सुधार कार्य करवाएं। नगर घड़ी से किसी को कोई परेशानी नहीं है।

#### जनता जनार्दन की राय लेंगे : महापौर

महापौर ने कहा कि नगर घड़ी को तोड़ने या व्यवस्थित करने से पहले धमतरी की जनता जनार्दन की राय लेंगे। धमतरी विकास के लिए जो जनता चाहती है, वही होगा। इस मुद्दे पर विचार होगा, फैसला नियमों के मुताबिक होगा।

## अब हरियाणा में दिखाएंगे कुश्ती के दांव-पेंच

- गोकुलपुर अखाड़ा के तीन खिलाड़ी कोच के साथ हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



छत्तीसगढ़ अंडर 17 वर्ष बालक बालिका राज्यस्तरीय चयन कुश्ती प्रतियोगिता बीएसपी अखाड़ा भिलाई में 4 मई को आयोजित की गई थी। हनुमान के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ के अध्यक्ष जगन्नाथ यादव, महासचिव प्रशांत राय, भगवान उस्ताद, श्रवण यादव एवं विभिन्न जिलों से आये हुए उस्तादों ने किया। इस प्रतियोगिता में रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बेमेतरा, बिलासपुर, कांकेर, खैरागढ़ के लगभग 80 बालक बालिकाओं ने भाग लिये। प्री स्टाइल, ग्रीको रोमन एवं महिला प्री स्टाइल के लिए विभिन्न वजन समूह में खिलाड़ियों का चयन किया गया। ये खिलाड़ी हरियाणा चंडीगढ़ में 25 से 27 मई को आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेंगे। ये खिलाड़ी जय बजरंग अखाड़ा गोकुलपुर धमतरी से हैं। बालक 92 किलो ग्राम में बोनेश कुमार गोल्ड मेडल, बालिका 49 किलोग्राम में तेजस्विनी नेताम गोल्ड मेडल, 63 किलो ग्राम में लक्ष्मी साहू गोल्ड मेडल प्राप्त किया एवं राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए स्थान सुनिश्चित किया। एनआईएस कोच विजय कुमार यादव, नुमेश यादव तीनों खिलाड़ी के साथ छत्तीसगढ़ राज्य टीम के साथ रवाना हुए।

जय अखाड़ा गोकुलपुर वार्ड के उस्ताद भगवान सिंह यादव, संतोष साहू, राजकुमार नेताम, पूर्व वरिष्ठ खेल अधिकारी एआर थिटे, अध्यक्ष विजय यादव, कृष्ण साहू, सोहन यदु, अंकालु भोयर, मेघराज यदु, तुलसी ध्रुव, हरीश साहू, मनोज साहू, प्रभात भोयर, हरीश नेताम, लल्ला यदु, नरेन्द्र ध्रुव एवं जिला कुश्ती संघ धमतरी के सदस्यों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है।

## झीरम घाटी में मारे गये नेताओं को भाजपा पदाधिकारियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**बीजापुर।** झीरम हत्याकांड की बारहवीं बरसी पर आज शाम 6 बजे बीजापुर के जय स्तम्भ चौक पहुंचकर भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा झीरमकांड में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया। पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने कहा 25 मई 2013 को जो झीरम कांड हुआ था कायराना घटना हुआ था। जिसमें छत्तीसगढ़ के राजनेता, जवान शहीद हुए थे ये छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश के लिए अपूर्णीय क्षति है। आज पूरा प्रदेश श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। हम इस पूरी घटना की निंदा करते हुए बस्तर टाइगर स्व.महेंद्र कर्मा सहित सभी राजनेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस दौरान भाजपा के पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष घासीराम नाग, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदालियर, नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी,उपाध्यक्ष भुवन सिंह चौहान, सभी पार्षद समेत भाजपा नेता एंव कई कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



## हरी सब्जियों की घटती कीमत से मिली राहत

- इतवारी बाजार अपडेट : टमाटर 15 तो बैगन, पत्तागोभी, डोड़का, मूली 20 रूपए किलो बिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बाजार में हरी सब्जियां इन दिनों सस्ते दाम पर मिल रही हैं। सब्जियों की घटती कीमत से उपभोक्ता राहत महसूस कर रहे है। हरी सब्जियों के साथ साथ हरी पत्तेदार भाजियां भी काफी कम दाम पर बिक रही हैं। व्यवसायियों ने बताया कि अंचल में हरी सब्जियों की बंपर पैदावार से आवक बढ़ गई है इसलिए थोक में रेट गया है। शहर के इतवारी बाजार में रविवार को शाम 5 बजे ग्राहकों की भीड़ नजर आई। सस्ती सब्जियां खरीदने ग्राहकों की होड़ मची हुई थी। खरीदारी अच्छी होने से सब्जी व्यवसायी भी प्रसन्न नजर आए। सब्जी विक्रेता अंबिका पटेल, सरोज पटेल ने बताया कि मौसम खराब होने पर भी ग्राहक खरीदारी करने बाजार पहुंचे और जमकर सब्जी खरीदी। उन्होंने बताया कि बाजार में लौकी 5 से 8 रूपये किलो बिकी। टमाटर 15 से 20 रुपए किलो रहा। बैगन, कुम्हड़ा, केला, पत्तागोभी, डोड़का, मूली जैसी सब्जियां 20 रुपए किलो रही। गाजर, कुंदरू, बरबटी, भिंडी, गोभी, तोरई 30 रुपए किलो रहा। परवल, कटहल 40 तो ग्वारफली, मिर्च, कोचई, ढेस, शिमला 50 में बिका।

## कांग्रेसियों ने झीरम घाटी के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



- संविधान को बचाना और देश को नक्सलवाद से मुक्त करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है : अंबिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

झीरम घाटी के वीर शहीदों को नमन एवं संविधान बचाओ यात्रा रैली विधायक कार्यालय से निकली। यह रैली शहीद चौक नगरी से होते हुए बजरंग चौक तक पहुंची, जहाँ नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ नारे लगाते हुए कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने संविधान की रक्षा और लोकतंत्र की मजबूती का संकल्प लिया। ज्ञात हो कि 25 मई 2013 को बस्तर के झीरम घाटी में नक्सलियों ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की हत्या कर दी थी। यह भारतीय लोकतंत्र और संविधान पर हमला था। इस हमले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र कर्मा, नंदकुमार पटेल, दिनेश पटेल, उदय मुदलियार, भीमा मंडावी, योगेन्द्र शर्मा समेत अनेक पुलिस जवान और सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए।

इस अवसर पर विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि झीरम घाटी की यह शहादत केवल कांग्रेस की नहीं, बल्कि पूरे लोकतंत्र की शहादत है। हम सबका दायित्व है कि हम उनके बलिदान को व्यर्थ न जाने दें। संविधान को बचाना, लोकतंत्र को मजबूत करना और देश को नक्सलवाद से मुक्त करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि झीरम घाटी के वीर सपूतों ने जिस उद्देश्य के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, हम सब मिलकर उस उद्देश्य को पूरा करेंगे। उनकी शहादत को याद रखते हुए हम संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हेतु हर संघर्ष को तैयार हैं। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता भानेद्र ठाकुर, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष कमलेश मिश्रा, प्रवक्ता भूषण साहू, ब्लाक अध्यक्ष नगरी कैलाश प्रजापति, ब्लाक अध्यक्ष बेलरगांव अखिलेश दुबे, अध्यक्ष कुकरेल डीहू राम साहू, मागरलोड अध्यक्ष रवि ठाकुर, प्रमोद कुंजाम, शिवनाथ मरकाम, पुष्पा ध्रुव, हनीफ खान, दीपक बिशेन, हरीश साहू, निक्की गुप्ता, मुकेश कुंजाम, रामकुमार सरोज, हेमंत देवांगन, पप्पू देवांगन, राजेश साहू, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष का संकल्प लिया।

## भानपुरी के ग्रामीणों ने मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन देने की पेशकश की



- सरपंच सहित ग्रामीण प्रतिनिधियों ने महापौर से भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भानपुरी के ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए 60 एकड़ सरकारी जमीन देने की पहल की है। इस प्रस्ताव को लेकर ग्राम पंचायत और ग्राम विकास समिति के प्रतिनिधियों ने नगर निगम महापौर रामू रोहरा से मुलाकात की और अपने समर्थन से अवगत कराया।

ग्रामीणों ने बताया कि भानपुरी में 60 एकड़ सरकारी भूमि उपलब्ध है, जो मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए उपयुक्त है। वर्तमान में मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए परेवाडीह क्षेत्र का प्रस्ताव सरकार के पास लंबित है, लेकिन वहां सिर्फ 50 एकड़ भूमि ही उपलब्ध है, जबकि मेडिकल कॉलेज के लिए 60 एकड़ भूमि की आवश्यकता है।

सरपंच ईश्वर साहू, उपसरपंच चुमान सिंह ठाकुर, पंचायत सदस्यों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण प्रतिनिधियों ने महापौर से भेंट की। उन्होंने बताया कि भानपुरी में न सिर्फ भूमि उपलब्ध है, बल्कि धमतरी शहर से इसकी दूरी भी केवल 10 किमी है, जो कॉलेज संचालन के लिए बेहतर स्थान बनाता है।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि शासन को परेवाडीह और भानपुरी दोनों स्थानों का प्रस्ताव भेजा जाएगा। शासन की तकनीकी टीम द्वारा निरीक्षण के बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा कि मेडिकल कॉलेज कहां खोला जाएगा।

## ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित रहा मोदी के मन की बात कार्यक्रम

- विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने फैशन को देश की परंपरा से जोड़ना होगा : प्रीतेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की जनता से सीधे जुड़ने के लिए माह के अंतिम रविवार को मन की बात को माध्यम बनाते हैं। पहलगाम आतंकवादी घटना के बाद 122वें एपिसोड की प्रतीक्षा लोगों को थी जिसमें श्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर को मां भारती को समर्पित राष्ट्र सम्मान, राष्ट्र गौरव तथा राष्ट्र स्वाभिमान का प्रतीक बताया। विश्व पटल पर भारत की पहचान योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है।

प्रधानमंत्री के मन की बात के श्रवण पश्चात भाजपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य एवं मन की बात के प्रदेश सदस्य प्रीतेश गांधी ने कहा कि विकसित भारत के आधार स्तंभ के रूप में मोदीजी ने फैशन को परंपरा के साथ जोड़कर आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में एक साहसिक एवं अभिनव कदम बढ़ाते हुए पुरातन कालीन व्यवसायों को आर्थिक आत्मनिर्भरता का मापदंड बताया। इससे देश के साथ-साथ यहां के परंपरागत व्यवसाय से जुड़े हुए लोग भी आगे बढ़ रहे हैं।

श्री गांधी ने आगे कहा कि बढ़ते वैश्वीकरण के बीच प्रधानमंत्री की वन्य प्राणी विशेष रूप से शेर के संरक्षण व संवर्धन पर चिंता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई है। पार्षद कुलेश सोनी ने योग को घर-घर तक पहुंचाने की अपील आम जनमानस से की है।

इस अवसर पर राजेंद्र शर्मा, देवेंद्र ध्रुवंशी, अशोक साहू, बल्ला रजक, रमेश निर्मलकर, प्रेम साहू, सुदेश साहू, भास्कर राव, मुन्ना ठाकुर, गौतम मानिकपुरी, गणेश गुप्ता, जानकी साहू, अनीता सोनी, संतोषी साहू उपस्थित थे।

### हाईमास्ट लाइट से जगमगाया रामलीला मैदान

**अंवरी।** भखारा भठेली नगर पंचायत के रामलीला मैदान एवं मुख्य हाट बाजार हाईमास्ट लाइट की रोशनी से जगमगाने लगा है। सार्वजनिक आवश्यकताओं एवं बाजार दिवस समय पर यह लाइट जलेगी। सीएफएल और ट्यूब लाइट की जगह अब दूधिया रोशनी बिखेरने वाली हाईमास्ट लाइट से शहर के मुख्य स्थल भी गुलजार हुए। नई नगर पंचायत के शपथ के बाद लगातार हर व्यवस्था पर ध्यान दिया जा रहा है। जो संभव है उस पर फोकस किया जा रहा है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

जवानों को हर बार कुछ नया सिखाने का प्रयास

# परेड के साथ पुलिस जवानों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





रक्षित केन्द्र में आयोजित साप्ताहिक परेड में पुलिस जवानों को इस बार योग का प्रशिक्षण दिया गया।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवं एसपी सूरज सिंह परिहार की उपस्थिति में रक्षित केन्द्र में आयोजित परेड के साथ योग प्रशिक्षण शिविर में डॉ. हीरा महावर एवं उसकी पत्नी ने योगाभ्यास एवं प्राणायाम कराया। जया महावर द्वारा जिले के पुलिस अधिकारी व जवानों को योग के अलग-अलग आसनों के बारे में बताया गया एवं योग क्रिया का प्रदर्शन कर योगा से होने वाले फायदों की जानकारी दी गई। बताया गया कि शरीर, मन और आत्मा को हर स्तर पर स्वस्थ रहने के लिये योग का विशेष महत्व है। योग की ऐसी कई विधियां हैं जिनका नियमित अभ्यास करके व्यक्ति पूरी तरह स्वस्थ व निरोगी रह सकता है। पुलिस जवानों को स्वस्थ व निरोगी रखने के उद्देश्य को लेकर योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा योग किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग हम सबके लिये जरूरी है। हम सभी को योग व प्राणायाम करना चाहिए। एसपी ने कहा कि योग का अर्थ जुड़ना है। योग करके आप स्वस्थ रह सकते हैं। पुलिस के लिये योग इसलिए जरूरी है क्योंकि पुलिस की नौकरी तनाव भरी होती है। योग व प्राणायाम से तनाव से मुक्ति मिली है।

उल्लेखनीय है कि एसपी ने बीते शुक्रवार को जनरल परेड में-लॉ एण्ड आर्डर आपात स्थिति से निपटने बलवा ड्रिल का आयोजन किया गया था। शिविर में कुरूद एसडीओपी, रक्षित निरीक्षक, निरीक्षक, डा हीरा महावर, जया महावर व उसकी टीम सहित पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
04 जून, 16 अगस्त, 06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020